तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बारगांव विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता ...

10 धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा बाल-बाल...


# आगामी परीक्षाओं के चलते बेमेतरा में बालवाड़ी प्रशिक्षण स्थगित

## प्रथम दिवस के बाद परीक्षाओं के मद्देनजर लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा में 19 से 21 जनवरी तक आयोजित तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगामी परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रथम दिवस के पश्चात ही स्थगित कर दिया गया। डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने जानकारी दी कि संचालक एससीईआरटी के मौखिक निर्देशानुसार परीक्षाओं के मद्देनज़र जिले में संचालित सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी तिथि तक स्थगित किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिले के चारों विकासखंडों के शिक्षा अधिकारियों को त्वरित सूचना प्रेषित कर दी गई है। प्राचार्य श्री घृतलहरे ने बताया कि बालवाड़ी प्रशिक्षण हेतु जिले के चारों विकासखंडों से कुल 160 शिक्षक-शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया था, जिनमें से प्रथम दिवस 118 प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे, उप प्राचार्य डॉ. कमल कपूर बंजारे एवं प्रशिक्षण प्रभारी श्री जी.एल. खुटियारे की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री भूपेंद्र साहू, सुश्री शीतल बैस एवं सुश्री विधि शर्मा द्वारा बच्चों को विद्यालय आगमन से पूर्व शिक्षक एवं शाला के भय से मुक्त करने, खेल-खेल में सीखने, अनौपचारिक शिक्षा, थीम आधारित शिक्षण एवं बाल विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। सभी प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक सहभागिता दी।



### आत्मनिर्भर और समूह में सहभागिता का अवसर देती है बालवाड़ीः डाइट प्राचार्य

प्रथम दिवस प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए डाइट प्राचार्य ने कहा कि बालवाड़ी का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें प्राथमिक शिक्षा के लिए मानसिक एवं सामाजिक रूप से तैयार करना है। बालवाड़ी के माध्यम से बच्चे आपसी संवाद, खेलकूद, भाषा विकास, गणितीय एवं वैज्ञानिक समझ, संगीत, कला तथा सामाजिक व्यवहार सीखते हैं। यह बच्चों को आत्मनिर्भर बनने और समूह में सहभागिता करने का पहला अवसर प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि बालवाड़ी बच्चों में अच्छी आदतों के विकास, सुनने एवं बोलने के कौशल को सुदृढ़ करने तथा पूर्व प्राथमिक से प्राथमिक विद्यालय में सहज पारगमन हेतु अनुकूल वातावरण तैयार करती है। प्रशिक्षण पूर्णतः गतिविधि आधारित है, जिसमें बच्चों की आयु के अनुरूप सीखने की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक शैक्षिक परिवेश निर्माण पर विशेष जोर दिया गया।

## मनरेगा के मुद्दे पर भाजपा पर लगा साजिश का आरोप, सड़क पर उतरी कांग्रेस

# मनरेगा कानून को कमजोर करना भाजपा की गरीब-विरोधी सोच को उजागर करता हैः दीपक बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पीपरभट्ठा से भोईनाभाटा तक निकली "मनरेगा कानून बचाओ" पदयात्रा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज हुए शामिल

ग्रामीण रोजगार और सामाजिक न्याय के सवाल पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जिले में "मनरेगा कानून बचाओ" अभियान के तहत पीपरभट्ठा से भोईनाभाटा तक विशाल पदयात्रा निकाली। इस पदयात्रा में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं शामिल हुए। पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, मनरेगा मजदूर, किसान एवं ग्रामीणजन सहभागी बने।

पदयात्रा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मनरेगा मजदूरों से सीधा संवाद किया। उन्होंने मजदूरों से उनके रोजगार, कार्य के दिनों, मजदूरी और इससे परिवार की आजीविका पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी ली। साथ ही प्रस्तावित नए कानून एवं तथाकथित "जी राम जी योजना" को लेकर किसानों और मजदूरों की राय जानी। ग्रामीणों ने एक स्वर में इस योजना पर असंतोष जताते हुए कहा कि इससे स्थायी रोजगार छिनने का खतरा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा के स्थान पर नई योजना लाने की बात दरअसल मनरेगा कानून को समाप्त करने की साजिश है। यह गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण भारत के साथ खुला खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में मनरेगा ने करोड़ों लोगों को सम्मानजनक रोजगार देकर देश की अर्थव्यवस्था को संभालने में अहम भूमिका निभाई। महात्मा गांधी के नाम से जुड़े इस कानून को कमजोर करना भाजपा की गरीब-विरोधी सोच को उजागर करता है। बैज ने दो टूक कहा कांग्रेस इस साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी । पदयात्रा के दौरान दीपक बैज ने मनरेगा मजदूरों के साथ भोजन कर आत्मीय संवाद किया, जिससे कार्यक्रम को जनसंवाद का स्वरूप मिला। पदयात्रा का समापन ग्राम भोईनाभाटा में हुआ, जहां उन्होंने गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।




### जनता के रोजगार पर सीधा हमलाः छाबड़ा

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि मनरेगा कानून को समाप्त करना ग्रामीण जनता के रोजगार पर सीधा हमला है। भाजपा सरकार रोजगार देने में विफल रही है और अब मनरेगा जैसे सहारे को भी खत्म करने पर आमादा है। कांग्रेस इसके खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। मनरेगा को बचाने के संकल्प के साथ निकली यह पदयात्रा जिले में यह संदेश देती दिखी कि ग्रामीण रोजगार, सामाजिक न्याय और जनअधिकारों के सवाल पर कांग्रेस किसी भी सूरत में समझौता नहीं करेगी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आकाश शर्मा, कविता साहू, अवनीश राघव, के.टी.आर. जनार्दन, प्रांजल तिवारी, ललित विश्वकर्मा, रवि परगनिहा, ओम दाऊ, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड, सुशीला जोशी, बालकुमारी ध्रुव, शकुंतला साहू, रश्मि मिश्रा, रीता पांडे, रुबी सलूजा, संजय वर्मा, चेतन साहू, शरद साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## साइबर सेल और देवरबीजा पुलिस ने गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 25 किलो 890 ग्राम गांजा और 13 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त

साइबर सेल एवं चौकी देवरबीजा पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल करते हुए गांजा परिवहन व बिक्री में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25 किलो 890 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, एक कार व मोबाइल फोन सहित कुल 13 लाख 92 हजार 350 रुपये की संपत्ति जब्त की है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौकी देवरबीजा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम घोटमर्रा में वर्मा के खेत के सामने कच्ची सड़क पर जागेश वर्मा उर्फ जम्बो अपने वाहन में अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री हेतु परिवहन कर रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव, एसडीओपी बेमेतरा श्री भूषण एक्का एवं एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम गठित की गई। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर वाहन क्रमांक सीजी 25 एन-3508 की तलाशी ली गई, जिसमें डिग्गी से दो सफेद प्लास्टिक की बोरियों में खाकी रंग के सेलो टेप से लिपटे कुल 20 पैकेट गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजे का कुल वजन 25 किलो 890 ग्राम पाया गया ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### होटल व लॉज की जांच, संदिग्ध को लिया हिरासत में



**भिलाई।** होटल, लॉज व सार्वजनिक ठहराव स्थलों पर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है। दुर्ग पुलिस ने होटल न्यू इंडिया के कमरा नंबर 786 में रुके युवक की जांच की। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि जांच में एक युवक जानबूझकर अपनी पहचान छिपाते हुए दूसरे के आधार कार्ड पर होटल में रुका हुआ था। युवक बुलंदशहर यूपी का रहने वाला सुहेल चौधरी बताया गया है। वह मूल रूप से चौकी गंदा नाला, उपरकोट, थाना कोतवाली नगर बुलंदशहर का रहने वाला है। एएसपी ने बताया कि होटल, लॉज, धर्मशाला, अन्य ठहराव स्थलों में फर्जी पहचान पत्र के आधार पर कठोर वैधानिक कार्रवाई पुलिस करेगी। दूसरे के परिचय पत्र पर होटल में रुकना कानून अपराध है। होटल एवं लॉज संचालकों को हिदायत दिया गया है कि वे अतिथि पंजीकरण, पहचान दस्तावेजों की पूरी सतर्कता से जांच करें।

### मकान से जेवरात और नगदी पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मेला घूमने गए परिवार के मकान के आलमारी से नगदी समेत सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दुर्गा मंदिर नंदगईया पारा खुर्सीपार निवासी निर्मल अग्रवाल वेल्डर का काम करता है। 16 जनवरी को मकान में ताला जड़कर परिवार समेत उतई मेला घूमने गए हुए थे। दूसरे दिन वापस मकान में सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। कमरा में रखे आलमारी के ताला को खोलकर देखने पर सोना चांदी के सारे जेवरात गायब मिले। नगदी रकम 12 हजार भी गायब मिला, बंद आलमारी से अज्ञात ने सामान पार कर मौके से फरार हो गया। आसपास खोजबीन करने पर सामान नहीं मिलने पर शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। चोरी हुए सामानों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### बीआईटी में विभागीय परीक्षा का 27 जनवरी से

**दुर्ग।** सरकारी कर्मचारियों के पदोन्नत के लिए 27 जनवरी से 3 फरवरी तक विभागीय परीक्षा का आयोजन बीआईटी में आयोजित की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर दुर्ग हितेश पिस्दा को परीक्षा केन्द्र और प्रश्न पत्र प्रभारी बनाया गया है। कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग दुर्ग के सहायक संचालक केके शुक्ला को सहायक परीक्षा केन्द्र प्रभारी, नायब तहसीलदार दुर्ग ढाल सिंह बिसेन और नायब तहसीलदार दुर्ग वसुमित्र दीवान को वीक्षक इन्व्हीजिलेटर कार्य संपादित करना है।

## मितानिनों व मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरबीजा में चला टीबी मुक्त पंचायत अभियान

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एनटीईपी के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के विभिन्न विकासखण्डों में मितानिनों एवं मास्टर ट्रेनरों को चरणबद्ध प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 19 जनवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरबीजा में बीएमओ बेरला डॉ. जितेन्द्र कुंजाम के नेतृत्व में समस्त मितानिनों एवं मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की अवधारणा, लक्ष्य एवं कार्ययोजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा देश को 2030 तक टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके अंतर्गत टीबी के लक्षण वाले संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उनके सैंपल जांच हेतु भेजना, समय पर उपचार सुनिश्चित करना, तथा टीबी रोग के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही टीबी मरीजों के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को कीमो-प्रोफाइलेक्सिस दिए जाने की प्रक्रिया पर भी जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रत्येक टीबी मरीज के लिए निश्चय मित्र बनाए जाने के उद्देश्य एवं महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण ▶▶| शेष पेज 11 पर

## रथ को कलेक्टर ममगाईं ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ हर घर जल के संकल्प को साकार करने जिलेभर में चलेगा जागरुकता अभियान

जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं हर घर नल से जल के उद्देश्य को जन-जन तक पहुँचाने के लिए आज जिले में प्रचार रथ को कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आम नागरिकों को जल जीवन मिशन की योजनाओं, लाभों एवं जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित, स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि योजना की सफलता जनभागीदारी से ही संभव है, इसलिए लोगों को नल जल कनेक्शन के उपयोग, जल स्रोतों के संरक्षण एवं पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक होना आवश्यक है।

प्रचार रथ के माध्यम से ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरेलू नल कनेक्शन, जल गुणवत्ता, स्रोत संवर्धन, जल कर की उपयोगिता तथा पेयजल संरचनाओं के रख रखाव संबंधी जानकारी दी जाएगी। साथ ही, ऑडियो- वीडियो माध्यमों एवं प्रचार सामग्री के जरिए स्वच्छ पेयजल के स्वास्थ्य लाभों को भी सरल भाषा में समझाया जाएगा।




### कोई भी परिवार लाभ से वंचित न रहे

कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रचार रथ के माध्यम से अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुँच सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी परिवार योजना की जानकारी और लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि जागरूक नागरिक ही योजनाओं को स्थायित्व प्रदान करते हैं। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रचार रथ आगामी दिनों में जिले के विभिन्न विकासखंडों में भ्रमण कर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाएगा।

## एसएसपी साहू का थाना दाढ़ी का औचक निरीक्षण

# अपराध नियंत्रण व स्मार्ट पुलिसिंग पर एसएसपी ने दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सोमवार थाना दाढ़ी का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग व्यवस्था, कानून-व्यवस्था एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए बेहतर, पारदर्शी एवं जनहितैषी पुलिसिंग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी श्री साहू ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान पर बल दिया।

उन्होंने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं सहित अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही थाना एवं चौकियों में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान तथा शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान बंदी गृह, महिला डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचक कक्ष, मालखाना सहित संपूर्ण थाना परिसर का जायजा लिया गया। एसएसपी ने विजिबल पुलिसिंग को बढ़ावा देने, रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग गश्त को प्रभावी बनाने तथा चोरी व संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए।



सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं गोवंश तस्करी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने साइबर अपराधों पर नियंत्रण हेतु सायबर प्रहरी अभियान, त्रिनयन एप एवं सशक्त एप के माध्यम से वाहनों की सघन चेकिंग को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। म्यूल अकाउंट धारकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों को रोकने के लिए आमजन को जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के शीघ्र निराकरण हेतु ऑपरेशन मुस्कान को सक्रिय रूप से संचालित करने, आदतन अपराधियों पर सतत निगरानी रखने तथा मजबूत सूचना तंत्र विकसित करने की आवश्यकता बताई गई।

### आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाएंः साहू

एसएसपी ने कहा कि नए लागू तीन आपराधिक कानून, नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियमन्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाएंगे। उन्होंने समयबद्ध मामलों में 60 से 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने, तलाशी व जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। बीट प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करने, जुआ, अवैध शराब, मादक पदार्थों की गतिविधियों की जानकारी संकलित करने एवं बीट पुस्तिका को नियमित अद्यतन रखने को कहा गया। एसएसपी श्री साहू ने "हमर पुलिस हमर बाजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान के तहत हाट-बाजारों, गांवों, स्कूलों एवं कॉलेजों में जागरुकता अभियान चलाकर आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने के निर्देश दिए।

ये रहे उपस्थित

औचक निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी दाढ़ी निरीक्षक रोशन लाल टोन्डे सहित थाना दाढ़ी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनदर्शन में प्राप्त हुए 72 आवेदन कई मामलों का मौके पर निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर प्रतिष्ठा ने आमजन की समस्याएं सुनीं

कलेक्टोरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया । जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमापंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### घनश्याम बने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



**कवर्धा।** एआईसीसी की ओर में छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट, विजय जांगिड़, जिलाध्यक्ष नवीन जायसवाल के निर्देश से छत्तीसगढ़ में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का अनुमोदित लिस्ट जारी किया गया। जिसमे घनश्याम साहू की मेहनत, सक्रियता पार्टी निष्ठा, मिलनसार योग्यता को देखते हुए आम जनता और किसान, सभी वर्गों के बीच पकड़ बनाने के लिए घनश्याम साहू को पंडरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। घनश्याम साहू पूर्व मे जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री, पूर्व जिला जेल संदर्शक, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका पंडरिया और साहू समाज में भी लगातार जिला, प्रदेश पदाधिकारी के रूप में काम कर रहें है। ओबीसी महासभा का वर्तमान मे प्रदेश सचिव भी हैं। श्री साहू की सक्रियता और मेहनत को देखते हुए पंडरिया ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। ब्लाक अध्यक्ष के शपथ लेने के बाद पूरा क्षेत्र के किसान जन, कार्यकर्ता वरिष्ठ नेताओं व लोगों बहुत उत्साह बना हुआ है।

### सड़क मरम्मत कार्य किया गया प्रारंभ

**कवर्धा।** जिले के ग्राम बानों से घानीखुटा घाट होते हुए रेंगाखार तक 28.40 किलोमीटर लंबी सड़क का रखरखाव लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि पेवर मशीन और रोलर के माध्यम से सड़क मरम्मत का कार्य तेड़ी से प्रगति पर है। वर्षा ऋ तु के दौरान ग्राम बानों क्षेत्र में डब्ल्यूएमएम गिट्टी से पेंच रिपेयर कर मार्ग को दुरुस्त किया गया। इसके बाद बारिश समाप्त होते ही सबसे अधिक क्षतिग्रस्त 11 किलोमीटर सड़क की बीटी पेंच रिपेयर प्राथमिकता के साथ पूरी कर ली गई, जो दिसंबर 2025 तक पूर्ण हो चुकी है। शेष 17.40 किलोमीटर मार्ग की मरम्मत भी सुव्यवस्थित योजना के तहत लगातार जारी है, जिसे 25 जनवरी तक पूरा किया जा रहा है।

### दो परिवारों मिली आर्थिक सहायता राशि

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत पिपरिया तहसील ग्राम साकिन गुढ़ा निवासी रेशमी साहू की अज्ञात जहरीला सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता लीलागर साहू और तहसील कवर्धा के साकिन-दौजरी निवासी वासू चन्द्रवंशी का तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता गजाधर चन्द्रवंशी को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 20 जनवरी को

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में 20 जनवरी 2026 को 1 बजकर 30 मिनट में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

**अनदेखी:** जिले में बेखौफ चल रहा है अवैध शराब का धंधा, कार्रवाई शून्य

# जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण में खप रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस एवं जिला आबकारी विभाग की अनदेखी के चलते जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में जमकर झूम बराबर झूम शराबी का नजारा देखने को मिल रहा है। आलम ये है कि जिन क्षेत्रों में सरकारी शराब दुकाने नहीं है उन क्षेत्रों में भी बड़ी आसानी से खुलेआम अवैध शराब बेंची और खरीदी जा रही है। सूत्रों के मुतबिक विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल के गांवों में जहां महुए की अवैध शराब का कारोबार बेखौफ और धड़ल्ले से चल रहा है वहीं सरकारी शराब दुकान की बोतलें भी कोचियों के माध्यम से घर पहुंच सेवा के तहत हाथों हाथ बेची जा रही हैं। इसे पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत कहें अथवा फिर उनकी मजबूरी जिसके चलते इस अवैध कारोबार पर कोई कठोर कार्यवाही नहीं हो रही है। जिम्मेदार विभागों द्वारा इस मामले की अनदेखी अथवा संरक्षण के परिणाम स्वरूप ही शराब का अनैतिक और गैरकानूनी धंधा यहां आम धंधा बन चुका है। यही कारण है कि अंचल में शराब के अवैध पेशे से जुड़े लोग इसे रोजगार के रूप में इस तरह भयमुक्त होकर कर रहे हैं जैसे उनको शराब बनाने और बेचने का लाइसेंस मिला हुआ है। इसे गिरते सामाजिक स्तर और चौपट होती कानून व्यवस्था का ही नतीजा कहा जा सकता है कि ग्रामीण अंचलों में शराब पीने और बेचने वाले जहां दबंग होते जा रहे हैं वहीं आम लोग सहमे हुए नजर आते हैं।

**जानकारी के बाद भी कार्यवाही नहीं**




ग्रामीणों की मानें तो आज की स्थिति में शराब और सट्टा के धंधे से जुड़े लोगों की पूरी जानकारी कानून के रखवालों को है। पुलिस और आबकारी विभाग भले ही अंचल के जनप्रतिनिधि और प्रतिष्ठित व्यक्ति को न पहचानें किंतु ऐसे लोगों को नाम और चेहरे से न केवल जानते हैं बल्कि मित्रता भी रखते हैं। ऐसे तत्वों को गांव के छुटभैये राजनीतिक कार्यकर्ताओं का भी संरक्षण मिलता है बदले में इन्हें शराब की फ्री सर्विस दी जाती है। दिन ब दिन गांवों में नशे का प्रचलन बढ़ते जा रहा है। यहां के नौनिहाल शराब की गिरफ्त में बुरी तरह जकड़ते जा रहे हैं। शाम होते ही गांवो के युवा ही नहीं किशोर बच्चे भी नशे की तलाश करने लगते हैं!नशे की यह लत अब उनकी दैनिक जरूरत बनती जा रही है जो उन्हें हर तरह की बुराई के दलदल में ले डूबेगी।



## धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा बाल-बाल बचा चालक

- वाहन चालक की लापरवाही व तेज रफ्तार बनी दुर्घटना का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदुर

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम ताईतिरनी के पास सोमवार की सुबह धान के बोरों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस सड़क हादसे में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। हालांकि मामले में अभी तक पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी-09 जेएन 8614 का अज्ञात चालक विकासखण्ड पंडरिया के धान खरीदी केन्द्र महिडबरा से धान भरकर जा रहा था। बताया जाता है कि ट्रक महिडबरा से बमुस्किल पांच किलो मीटर ही पहुंचा था कि इसी दौरानग्राम ताईतिरनी के पास मोड़ में तेजरफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। लेकिन इसे ट्रक चालक की सूझबूझ ही कहें की ट्रक पलटने से पहले कूद कर उसने अपनी जान बचा ली। अभी तक इस मामले में पुलिस कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।

## जरूरतमंद सात दिव्यांगों को विधायक ने वितरित किए सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रणवीरपुर



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रणवीरपुर में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा के कर-कमलों से दिव्यांग हितग्राहियों को आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान कुल 07 दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें 03 हितग्राहियों को बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, 02 को सामान्य ट्रायसाइकिल, 01 को व्हीलचेयर तथा 01 दिव्यांगजन को बैसाखी प्रदान की गई। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों की गतिशीलता में वृद्धि होगी और वे आत्मनिर्भर होकर अपने दैनिक कार्य सरलता से कर सकेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से विनायक सिंह ठाकुर तथा जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा से बिजे पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक एवं आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने इस पहल के लिए शासन-प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## पीजी कालेज मैदान में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

- कलेक्टर ने तैयारियों के लिए अधिकारियों को सौपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी वर्ष 2026 का ध्वजारोहण एवं जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन आचार्य पंथ श्री गृंथमुनी नाम साहेब स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में होगा। राष्ट्रीय पर्व का यह आयोजन गरिमामय एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। राज्य शासन के विभिन्न विभागों में संचालित जनकल्याण तथा लोककल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक पारंपारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की साझा बैठक ली। कलेक्टर ने आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों का अलग-अलग दायित्व भी सौपा है। जिला पंचायत को झांकी प्रदर्शनी, सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी बनाए गए है। पुलिस अधीक्षक को ध्वजा रोहण, सलामी, मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण के लिए वाहन एवं अन्य आवश्यक संपूर्ण व्यवस्था तथा ध्वजारोहण के लिए सभी आवश्यक तैयारियां, झंडा कोड का पालन सुनिश्चित एवं पार्किग व्यवस्था सहित सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की रात्रि में जिले के सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी शासकीय और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 का आयोजन पूरे जिले में गरिमापूर्ण तरीके से किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियों द्वारा (गार्ड ऑफ ऑनर) सलामी दी जाएगी। इसके बाद जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा।

## युवति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुई निवासी एक 22 वर्षीय युवति ने मौका पाकर अपने ही घर में फांसी ल गा क र आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। लेकिन अभी तक युवति द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण अज्ञात बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुई निवासी लीना पिता घनश्याम मेश्राम आयु 22 वर्ष ने रविवार की रात अपने परिजनो के साथ भोजन करने के बाद सोने के लिए कमरे में चले गई। बताया जाता है कि इसी दौरान उसने कमरे में पंखा लटके हुक में साड़ी से फांसी का फंदा कसकर आत्महत्या कर ली। परिजनो को इस घटना की जा न का री सोमवार की सुबह उस समय हुई जब उन्होने काफी समय तक लीना के कमरे से बाहर नहीं आने पर कमरे में जाकर देखा। वह फांसी के फंदे में मृत अवस्था में लटकी हुई थी। जिसकी जानकारी तत्काल कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। हालांकि अभी तक मृतका द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पंडरिया शक्कर कारखाना के किसानों को पूरा भुगतान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना, पंडरिया ने पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना बेचने वाले सभी किसानों का पूरा भुगतान कर दिया है। कारखाना में गन्ना विक्रय करने वाले 7,658 किसानों की शेष राशि 18.27 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से कुल 2.73 करोड़ रुपए आज 19 जनवरी 2026 को बैंक के माध्यम से भेज दी गई है। इस पेराई सत्र में किसानों को अतिरिक्त रिकवरी राशि के रूप में 99.27 रुपये प्रति क्विंटल देना था। इसमें से पहले ही 81 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा चुका था। अब शेष राशि भी दे दी गई है। इस तरह पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना बेचने वाले सभी किसानों को पूरी राशि मिल चुकी है। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया में पेराई जारी है। कारखाना प्रबंधन ने सभी गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे वर्तमान पेराई सत्र में भी अपना गन्ना इसी कारखाना में विक्रय करें।

## पीएम सूर्यघर योजना से दीपक पटेल को मिली मुफ्त बिजली

**कवर्धा।** सरकार की योजनाएं जब जमीन पर असर दिखाती हैं, तो आम लोगों की जिंदगी आसान बनती है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ऐसी ही एक पहल बनकर सामने आई है, जिससे अब नागरिक मुफ्त बिजली की ओर आगे बढ़ रहे है। इसी योजना के तहत कवर्धा के दीपक पटेल का घर अब न सिर्फ रोशन हो रहा है, बल्कि खुद बिजली भी बना रहा है। कबीरधाम जिले के कवर्धा शहर के गोकुलधाम, गली नंबर एक में रहने वाले दीपक पटेल का पहले हर महीने 1200 से 1800 रुपये तक बिजली बिल आता था। घरेलू उपकरण बढ़ने के साथ खर्च लगातार बढ़ रहा था, जिससे परिवार का बजट बिगढ़ने लगा था। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जुडने के बाद यह समस्या अब पूरी तरह खत्म हो गई है। दीपक पटेल ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया है। इसके लिए करीब 2 लाख रुपए का खर्च आया, जिसमें केन्द्र सरकार से 78 हजार रुपये की सब्सिडी मिल चुकी है, जबकि राज्य सरकार से 30 हजार रुपये की सब्सिडी मिलनी शेष है। सरकारी सहायता से उनका आधे से अधिक खर्च कम हो गया। दीपक पटेल बताते हैं कि सोलर पैनल लगने के बाद इस महीने उनका बिजली बिल शून्य आया है। उन्होंने कहा कि घर की छत पर पहले जो जगह खाली रहती थी, आज वही जगह बिजली उत्पादन का साधन बन गई है। अब उनका घर अपनी जरूरत की बिजली खुद बना रहा है। योजना की जानकारी मिलते ही दीपक पटेल ने सरकारी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया। सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनके घर सोलर पैनल लगाया गया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जिले में लगातार लोग जु? रहे हैं। कई घरों में सोलर पैनल लग चुके हैं, जिससे न केवल बिजली खर्च में कमी आ रही है, बल्कि लोग स्वच्छ और आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में भी कदम बढ़ा रहे हैं।

**ग्रामीण बस्ती में खुले पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर और हाई वोल्टेज तार, हर साल मौत**

## विद्युत विभाग की खस्ताहाल व्यवस्था दे रही दुर्घटना को न्योता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले के ग्रामीण अंचलों में हर साल विद्युत विभाग की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था के चलते कई लोग और मवेशी करंट से अपनी जान गवां रहे हैं। लेकिन फिर भी विद्युत विभाग अपनी व्यवस्थाओं को दुरूस्त और सुरक्षित करने कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम माकरी में विभाग की ऐसी ही चरमराई और खस्ताहाल व्यवस्था दुर्घटना को न्यौता देते दिखाई दे रही है। इस संबंध में जनपद सदस्य अंबिका गोलू सोनवानी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कुण्डा से माकरी रोड सड़क निर्माण के चलते विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर को सिप्ट किया गया था लेकिन विभाग द्वारा जिस ढंग से नए पोल और ट्रांसफार्मर को लगाया गया है उससे करंट और दुर्घटना की आशंका बढ़ गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बेतरतीब ढंग से किए गए इस कार्य के चलते जहां कई विद्युत पोल झुक चुके है वहीं ट्रांसफार्मर के खुले कटआउट तथा करंट प्रवाहित तार से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। उन्होने बताया कि यह रोड चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाली है। जिससे होकर किसान फसल परिवहन करते है और स्कूली बच्चों का आना जाना भी लगा रहता है। ऐसे में इस तरही की विभागीय लापरवाही लोगों पर भारी पड़ सकती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस तरह की विभाग लापरवाही जिले के कई ग्रामीण अंचलों में साफ देखी जा सकती है लेकिन शिकवा शिकायत के बाद भी विभाग इसे व्यवस्थित करने कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

**शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं**

ग्रामीणों ने बताया कि संबंध में कई बार विद्युत विभाग से शिकवा शिकायत कर चुके है लेकिन विभाग द्वारा इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जा सकता है। विभाग की इस उपेक्षा व अनदेखी को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग किसी दुर्घटना के इंतजार में है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

## छत्तीसगढ़ की धरा पर साहित्य, संस्कृति और विचारों का संगम-23 से 25 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की समृद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपरा को राष्ट्रीय पटल पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से रायपुर साहित्य उत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

यह तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव 23 से 25 जनवरी 2026 तक नवा रायपुर अटल नगर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित होगा। यह उत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा, लोक परंपराओं और साहित्यिक चेतना को नई पीढ़ी से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। देशभर से प्रतिष्ठित साहित्यकार, कवि, कथाकार, विचारक, कलाकार, पत्रकार, रंगकर्मी और साहित्य प्रेमी इस आयोजन में सहभागिता करेंगे। रायपुर साहित्य उत्सव-2026 का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजना, उसे एक व्यापक मंच प्रदान करना तथा विभिन्न भारतीय भाषाओं के साहित्यकारों, पाठकों और रचनाकारों को एक साझा संवाद से जोड़ना है।

उत्सव के दौरान साहित्यिक संवाद, विचार-मंथन, समकालीन विषयों पर परिचर्चाएं, कविता पाठ, कथा सत्र, पुस्तक विमोचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं कला-प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन न केवल साहित्यिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक विमर्श को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

**कला के लिए ओपन माइक सत्र होगा आयोजित**

रायपुर साहित्य उत्सव-2026 के अंतर्गत ओपन माइक सत्र का विशेष आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों, युवाओं एवं नवोदित रचनाकारों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का मंच मिलेगा।

कविता, कहानी, विचार, गीत, नाट्य अंश अथवा अन्य रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से प्रतिभागी अपनी सृजनात्मक क्षमता को नई उड़ान दे सकेंगे। यह सत्र साहित्य, आत्म-अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास होगा।

## खबर संक्षेप



### नाऊडीह में मातर मंड़ई-मेला का आयोजन आज

**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा के ग्राम नाऊडीह में यादव समाज द्वारा मातर मंड़ई-मेला व राउत नाचा का कार्यक्रम मंगलवार को सुबह बाजे-गाजे के साथ ठोडहर देव की गौठान में पूजा अर्चना कर मातर मंड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा, जो कि रात्रिकालीन तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आसपास क्षेत्र के यादव समाज द्वारा लाठी, खुमरी व पारंपारिक वेशभूषा के धून में दोहा-साखी पुकारते हुए संदेश को जन-जन तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। वहीं समाज व ग्रामवासियों द्वारा मातर मंड़ई मेला की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिस पर ग्रामीणों ने आसपास व दूर-दराज के लोगों से अपील कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मातर मड़ई मेला कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** सद्गुरू कबीर साहेब पंथ श्री हुजुर प्रकाशमुनिनाम साहेब के आर्शीवाद से ग्राम मुंगेलीडीह-गोछिया में 17 से 19 जनवरी तक तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही साथ कबीर सत्संग ग्रंथ मंडली समिति द्वारा कबीर भजन-गायन कर कबीरदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। जिसमें शुभारंभ 17 जनवरी को मंहत चेतन दास के करकमलों से द्वीप प्रज्वलित किया, 18 जनवरी के गुरू माता अजंली गोस्वामी तथा 19 जनवरी को चौका आरती गुरू गोस्वामी राकेश साहेब द्वारा तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह संपन्न हुआ। वहीं इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में कबीर पंथी नवयुवक मंडल अमिल माता व समस्त ग्रामवासी मुंगेलीडीह के सहयोग से संपन्न हुआ।

# शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से चावल नहीं मिलने पर हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, घोरपेंड्री सहित आसपास के कई गांवों में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से समय पर चांवल नहीं मिलने के कारण राशन कार्डधारी हितग्राही परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कई शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में चांवल का भंडारण नहीं होने से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह निर्धारित तिथि, विशेषकर 7 तारीख तक राशन कार्डधारियों को चांवल का वितरण किया जाना चाहिए, ताकि दैनिक जरूरतों के लिए गरीब परिवारों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि 19 तारीख बीत जाने के बाद भी कई उचित मूल्य दुकानों में चांवल का भंडारण नहीं किया गया है। इससे हितग्राही रोजाना सेवा सहकारी समिति और दुकान के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

ग्रामीण हितग्राही पूछते रहते हैं कि चांवल आया या नहीं, लेकिन उन्हें हर बार निराश होकर लौटना पड़ता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश हितग्राही गरीब और श्रमिक वर्ग के परिवार ऐसे हैं, जिनका चूल्हा शासकीय उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाले चांवल पर ही जलता है। वहीं चांवल नहीं मिलने की स्थिति में उन्हें मजबूरी में निजी दुकानों से अधिक कीमत पर चांवल खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी पहले से कमजोर आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कई हितग्राहियों ने बताया कि मजदूरी या खेती-किसानी से मिलने वाली सीमित आय में महंगे दाम पर चांवल खरीदना उनके लिए बेहद कठिन हो गया है। इस समस्या को लेकर हितग्राहियों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

लोगों का कहना है कि यदि शासन प्रशासन द्वारा समय पर भंडारण और वितरण सुनिश्चित करे, तो उन्हें इस प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण ही चांवल का भंडारण समय पर नहीं हो पा रहा है, जिसका खामियाजा आम जनता व ग्रामीण हितग्राहियों को भुगतना पड़ रहा है। जिस पर हितग्राहियों एवं ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जिन शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में अब तक चांवल का भंडारण नहीं हुआ है, वहां तत्काल भंडारण कराया जाए और वितरण व्यवस्था को सुचारु किया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर निगरानी रखते हुए ठोस कार्यवाही की जाए, ताकि राशन कार्डधारियों को समय पर और पारदर्शी तरीके से शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।



## सौगात: पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में बिछ रहा सड़कों का जाल

# विधायक ने 3.41 करोड़ से अधिक के सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के गांव-गांव तक पक्की सड़कों की पहुंच और ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों तक सुगम व सुलभ सुविधाएं पहुंच रही है। इसी कड़ी में आज पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 3 करोड़ 41 लाख 20 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले मेन रोड से ग्राम दनियाखुर्द तक 5 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी और इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

जनता की इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण की मांग पूरी होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया, आज क्षेत्रवासियों की मांग पूरी हो रही है वहीं पंडरिया विधानसभा में निरन्तर विकास कार्य हो रहें जिससे आम नागरिकों को सुविधा और लाभ मिल रहा है। इस सड़क के निर्माण से ग्राम तालपुर एवं बिरनपुर सहित आस-पास के क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर हो रहे सड़क निर्माण ग्रामीण विकास, मजबूत अधोसंरचना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास नीति का मूल मंत्र है कि गांव मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा। इसी सोच के साथ केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने का निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने आज गांवों को केवल शहरों से ही नहीं, बल्कि विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार के समन्वय से पंडरिया विधानसभा में निरंतर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिल रही है। किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में सुविधा, व्यापार और व्यवसाय को बढ़ावा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहें हैं। सड़क निर्माण के दौरान श्रमिकों को काम मिलेगा और भविष्य में आवागमन सुगम होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और आपात सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी।

इस दौरान विधायक भावना बोहरा ग्राम दनिया खुर्द में पटेल समाज द्वारा आयोजित मां शाकंभरी जयंती में शामिल हुई। उन्होंने समाजजनों को संबोधित कर कहा कि मां शाकम्भरी केवल एक देवी नहीं, बल्कि प्रकृति, कृषि और मानव जीवन के संरक्षण की प्रतीक हैं। मां शाकम्भरी हमें यह संदेश देती हैं कि प्रकृति का सम्मान, अन्न का आदर और परिश्रम से अर्जित संसाधनों का सदुपयोग ही समाज की सच्ची सेवा है। उनका जीवन दर्शन हमें सिखाता है कि केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए सोचने का भाव ही वास्तविक धर्म है। भूमिपूजन कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, सदस्यगण, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### पंडरिया विस निर्माण कार्यो से तेजी से आगे बढ़ रहा: भावना



विधायक ने कहा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में लगातार सड़क निर्माण और ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार का कार्य हो रहा है। हमारा संकल्प है कि पंडरिया का कोई भी गांव विकास से वंचित न रहे। विधानसभा में नई सड़कों, पुल-पुलियों और अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है। यह सड़क निर्माण कार्य पंडरिया विधानसभा के लिए विकास की मजबूत नींव साबित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से न केवल गांवों का शहरों से संपर्क बढ़ेगा, बल्कि युवाओं को रोजगार, किसानों को बेहतर बाजार और आमजन को बेहतर दैनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी विकास नीति और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में पंडरिया विधानसभा विकास, सुविधा और समृद्धि की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# विकसित भारत जी-राम जी जनजागरण अभियान

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रणीष रजक को विकसित भारत जी–राम–जी जनजागरण अभियान के लिए जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर श्री रजक ने जिला अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। श्री रजक ने कहा कि विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर गरीब परिवार को रोजगार मिले और उसकी गरिमा का सम्मान बना रहे। विशेष रूप से गरीब, जनजातीय और पिछड़े वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना इस कानून की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करेगा, जो महात्मा गांधी की भावना के अनुरूप है और रामराज्य की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि आखिर उन्हें विकसित भारत और भगवान राम के नाम से इतनी नफरत क्यों है। कांग्रेस चाहे कितनी भी साजिशें रच ले, देश 2047 तक विकसित भारत बनकर रहेगा। श्री रजक ने कहा कि नई योजनाओं के अंतर्गत जहां काम के दिन बढ़ाए जाएंगे, वहीं मजदूरों को पारिश्रमिक भी पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी से मिलेगा। श्री रजक ने जानकारी दी कि नए अधिनियम के तहत हर ग्रामीण परिवार को हर साल 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इसके साथ ही वन क्षेत्रों में कार्य करने वाले अनुसूचित जनजाति (ST) कामगारों को अतिरिक्त 25 दिन का रोजगार भी प्रदान किया जाएगा। खेती-किसानी को ध्यान में रखते हुए बुवाई और कटाई के मौसम में 60 दिन का समय सुरक्षित रखा गया है, ताकि उन दिनों में मजदूरों की कमी न हो। इस अवधि में रोजगार कार्य अस्थायी रूप से बंद रहेगा, जो मनरेगा में पहले से मौजूद नहीं था।

### तेज भुगतान, हफ्ते में मजदूरी

उन्होंने बताया कि विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम में मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया को और अधिक सरल व तेज बनाया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार मजदूरों को 7 दिनों के भीतर भुगतान किया जाएगा और विलंब होने पर अतिरिक्त राशि भी दी जाएगी। मनरेगा में जहां 15 दिन या उससे अधिक समय में भुगतान होता था, वहीं अब साप्ताहिक भुगतान का भी प्रावधान किया गया है। श्री रजक ने कहा कि मनरेगा जैसे रोजगार कार्यों पर सबसे अधिक खर्च मोदी सरकार के कार्यकाल में हुआ है। अब तक मनरेगा पर कुल 11.74 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जिसमें से 8.53 लाख करोड़ रुपये अकेले मोदी सरकार ने खर्च किए हैं। यह आंकड़े सरकार की गरीब और मजदूर हितैषी सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं।

# एचआईवी-एड्स जागरूकता पर रंगोली व पोस्ट प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

मेरा युवा भारत कवर्धा एवं छत्तीसगढ़ एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में शाला त्यागी युवा कार्यक्रम अंतर्गत एचआईवी एड्स पर जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नामांकित चित्र सहित रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कुण्डा में किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर इस प्रतियोगिता में भाग लिया सभी प्रतिभागियों ने एचआईवी एड्स जागरूकता पर अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन रंगोली व पोस्ट नामांकित चित्र सहित बनाया। वहीं पुरषोत्तम निर्मलकर पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य प्रकाश डालते हुए कहा जनमानस में एचआईवी व एड्स के प्रति लोगों को सजक व जागरूक किया, जिससे लोग एचआईवी एड्स से बच सके और सतर्क रहे यदि किसी व्यक्ति को एचआई वी एड्स के लक्षण दिखाई देता है तो सबसे पहले नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना सही जांच कराए। अधिक जानकारी के लिए एचआईवी एड्स टोल फ्री नंबर 1097 पर कॉल करें और अधिक जानकारी प्राप्त करें। एचआई वी संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी भी स्तर पर भेद-भाव करना एचआईवी एड्स पॉलिसी एक्ट-2017 अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से एचआईवी एड्स के विभिन्न लक्षणों व सावधानियों के विषय पर बहुत ही शानदार प्रदर्शन सभी प्रतिभागियों का रहा निश्चित रूप से जागरूकता ही बचाव है अधिक से अधिक लोगों को हम सब मिलकर जागरूक करें इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में सहायक प्राध्यापक झगर साहू व विकास जोशी शामिल थें। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गायत्री चंद्राकर, द्वितीय स्थान मंजू देवांगन, तृतीय स्थान रोशनी चंद्राकर ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गामेश्वरी चंद्राकर, द्वितीय स्थान गरिमा साहू, तृतीय स्थान जमुना साहू ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को पेन और कॉपी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित निर्मलकर के द्वारा किया गया।



## विद्यार्थियों ने नर्मदा कुंड, खैरागढ़ विश्वविद्यालय व डोंगरगढ़ के दर्शन कर जाना छत्तीसगढ़ का गौरव

# मक्के स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मक्के स्कूल के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें प्रदेश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल, एशिया के एकमात्र संगीत विश्वविद्यालय और डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दरबार में हाजिरी लगाई। भ्रमण की शुरुआत सुबह नर्मदा कुंड के दर्शन से हुई। यहां छात्रों ने नर्मदा नदी के उद्गम और उसके धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। जल संरक्षण और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना जगाने के लिए रामसिंह साहू ने छात्रों को इस स्थल के भौगोलिक महत्व के बारे में विस्तार से समझाया।

भ्रमण का अगला पड़ाव इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ रहा। एशिया के इस सबसे बड़े संगीत और कला विश्वविद्यालय के परिसर में पहुंचकर छात्र छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गए। विश्वविद्यालय के संग्रहालय में रखी दुर्लभ वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी और विभिन्न कलाकृतियों ने छात्रों का ध्यान आकर्षित किया। यहां उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोक कला और नृत्य की बारीकियों के बारे में जानने और समझने का अवसर मिला। संकुल समन्वयक रामसिंह साहू ने छात्राओं को कला के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं और इस संस्थान के ऐतिहासिक गौरव के बारे में विस्तार से बताया। वहीं शाम के समय सभी छात्र मां बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ़ पहुंचे भोजन करने के पश्चात सीढ़ी से चढ़ना बच्चों के लिए काफी आनंद, उत्साहपूर्ण रहा इस दौरान बच्चे थकते हुए दिखाई नहीं दिए जो बच्चों का उत्सुकता और आनंद उनके चेहरे में दिखाई दे रहा था, चढ़ते हुए पहाड़ी पर छात्रों ने प्रकृति के मनोरम दृश्यों का आनंद लिया। मंदिर में दर्शन के पश्चात छात्रों ने पहाड़ की ऊंचाई से डोंगरगढ़ की सुंदर तलहटी को देखा। मंदिर के ऐतिहासिक महत्व और यहां आयोजित होने वाले मेलों के बारे में शिक्षकों ने रोचक तथ्य साझा किए। जिस पर स्कूल के प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, प्रधान पाठिका एलविना विलसन, शिक्षक कौशल खांडे, युगल किशोर साहू ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्र छात्राओं में किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ भी विकसित होती है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने अनुशासन का परिचय दिया और सामूहिक रूप से गीतों और चर्चाओं का आनंद लिया। यह यात्रा हम सब के लिए अविस्मरणीय रही। हमने न केवल छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को करीब से देखा, बल्कि इतिहास और भूगोल के कई नए अध्याय भी सीखे।

# राम्हेपुर स्कूल में प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू, हिन्दी पेपर देकर विद्यार्थी दिखे उत्साहित



- परीक्षा में परीक्षार्थी शांति पूर्वक दिया परीक्षा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में सोमवार को कक्षा 10वी का प्री-बोर्ड परीक्षा का हिंदी पेपर रहा, यह परीक्षा 17 से 23 जनवरी तक आयोजित होगी। बताया जाता है कि प्री-बोर्ड परीक्षा का प्रश्न पत्र जिला स्तर से वार्षिक बोर्ड परीक्षा के ब्लू-प्रिंट पैटर्न पर छपकर प्राप्त हुआ है, प्रश्न पत्र हल करके बच्चो को निश्चित ही वार्षिक परीक्षा में लाभ होगा यह परीक्षा बच्चो की तैयारी करने में मदद करती है और वार्षिक परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगी और अच्छे अंक प्राप्त कर टॉपर बन सकते हैं। आज की परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या श्रीमती संतोष सलूजा, एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, सरिता बखला, सुनीता कौशिक उपस्थित थें। वहीं हिंदी की सरल पेपर हल कर बच्चे के चेहरे खुशी से खिले व उत्साहित दिखाई दिए।

## पेज 9 के शेष

### साइबर सेल और देवरबीजा ...

जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख 88 हजार 350 रुपये आंकी गई है। **नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान जारी: पुलिस प्रशासन:** पुलिस ने आरोपी जागेश वर्मा उर्फ जम्बो, पिता अभयराम वर्मा, उम्र 31 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 15 नयापारा बेमेतरा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से गांजे के अलावा प्रयुक्त कार (अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये) एवं एक मोबाइल फोन (कीमत लगभग 4 हजार रुपये) भी जब्त किया गया। इस प्रकार कुल जब्ती 13 लाख 92 हजार 350 रुपये की रही। मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, चौकी प्रभारी देवरबीजा सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक योगेश यादव सहित साइबर सेल व चौकी देवरबीजा के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

### मितानिनों व मास्टर ...

के पश्चात राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, विकासखण्ड बेरला के एसटीएस दिनेश गंगबेर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला अंतर्गत समस्त मितानिनों एवं मास्टर ट्रेनरों को टीबी मुक्त पंचायत निर्माण हेतु संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने टीबी उन्मूलन में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लेते हुए अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया।

### जनदर्शन में प्राप्त हुए ...

के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। **पेंशन, ट्रायसायकल, पीएम आवास आदि के आवेदन आएं:** जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिससे जनदर्शन की प्रक्रिया सुचारू एवं प्रभावी रही।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## बुलेट से गांजा की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दुर्ग की ओर से नीली रंग की बुलेट में सवार दो युवक अपने पास पीठू बैग में गांजा रखकर सुपेला भिलाई की ओर आ रहे थे। सूचना पर पुलिस ने नेहरू नगर जिम गार्डन के पास घेराबंदी किया गया। दोनों युवकों को पुलिस ने पूछताछ करना शुरु किया। युवकों ने अपना नाम डिपरापारा, दुर्ग निवासी मोहम्मद एजाज, आदर्श नगर, पोटिया चौक दुर्ग फैजान कुरैशी बताया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने कॉफी रंग के पीठू बैग से 4 नग ब्राउन रंग के रैपर में सीलबंद गांजा बरामद किया। जिसका वजन 4.030 किलोग्राम जिसकी कीमत 2 लाख रुपए है। बुलेट सीजी 07 सीक्यू 1837, दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। जब्त सामानों की कीमत 3.60 लाख रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर भेजा गया है। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

## पंचशील नगर, सुपेला और टेकापार बोरी में चोरी

**भिलाई।** जगन्नाथपुरी ओडिशा में घूमने गए परिवार के सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात अज्ञात ने पार कर दिया। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि हरिश लहरे की पंचशील नगर चरोदा में शॉप है। 13 जनवरी को वे परिवार समेत जगन्नाथपुरी ओडिशा घूमने गए थे। जब घर लौटे तो देखा दरवाजे टूटा पड़ा है। आलमारी को जाकर चेक करने पर सोने-चांदी के जेवरात समेत नगदी गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है। वहीं दूसरी घटना बोरी थाना क्षेत्र की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि राधिका नगर सुपेला निवासी योगेन्द्र प्रसाद का सुपेला में रेडीमेट कपड़ों की दुकान है। 18 दिसंबर की रात दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। दूसरे दिन दुकान पहुंचा तो सारा समान फैला हुआ था। चेक करने पर तीसरी मंजील का दरवाजा टूटा पड़ा मिला। चैनल गेट का राड भी फैला हुआ था। दुकान के गल्ले में रखे 15 हजार नगद, 45 नग 28 से 34 कमर वाले ट्राउजर पैंट 40 हजार के गायब मिले। खोजबीन करने पर कपड़ा की जानकारी नहीं मिल पाई। तब शिकायत पुलिस से की गई। ग्राम टेकापारा बोरी निवासी चंद्रभूषण ढिंढे परिवार समेत सोए हुए थे। अज्ञात ने मकान से सोने-चांदी के जेवरात व नगदी 30 हजार रुपए पार कर दिया। पीड़ित कृषक है। परिजन उठने के बाद देखा खाट के पास रखा हुआ पेटी गायब था। आसपास खोजबीन करने पर पेटी मैदान पर खुली मिला, जिसमें सारे जेवरात गायब मिले। तीनों ही मामलों पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। कुछ जगहों पर संदिग्ध नजर आए हैं। उनके बारे में पतासाजी की जा रही है। पिछले कुछ दिनों में चोरी की घटनाएं बढ़ी है।

### आयोजन : बेमेतरा में दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का भव्य समापन

# प्रकृति प्रेम व रचनात्मकता का उत्सव बना फ्लावर शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आधुनिक आभासी दुनिया और मोबाइल संस्कृति के दौर में प्रकृति से जुड़ने का सशक्त संदेश देती दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी (फ्लावर शो) का नगर में भव्य एवं गरिमामय समारोह के साथ समापन हुआ। इस मनमोहक आयोजन ने न केवल नगरवासियों को प्रकृति के करीब लाया,बल्कि पर्यावरण संरक्षण,सौंदर्यबोध और रचनात्मकता का सुंदर संगम भी प्रस्तुत किया।

पुष्प प्रदर्शनी को लेकर जन प्रतिनिधियों, नागरिकों, विद्यार्थियों एवं पर्यावरण प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। फ्लावर शो का शुभारंभ सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री अखिलेश सोनी द्वारा किया गया। वहीं समापन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष एवं रायपुर शहर प्रभारी राजेंद्र शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, पार्षद नीतू कोठारी, गौरव साहू तथा पत्रकार अमीन पप्पू रवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।





### प्रकृति प्रेमियों को जोड़ने का सराहनीय प्रयासः शर्मा

समापन अवसर पर अपने उद्बोधन में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा एवं रायपुर शहर प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने कहा कि फ्लावर शो प्रतियोगिता में शामिल होना उनके लिए गर्व का विषय है। यह आयोजन प्रकृति, सृजनशीलता और सौंदर्यबोध का अद्भुत उदाहरण है। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह मंच प्रकृति प्रेमियों को जोड़ने का सराहनीय प्रयास है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि बेमेतरा में इस प्रकार की अनोखी और प्रकृति से जुड़ी पुष्प प्रदर्शनी निरंतर आयोजित होनी चाहिए। इससे नगर की सुंदरता बढ़ती है और आमजन में पर्यावरण संरक्षण व हरियाली के महत्व के प्रति जागरूकता आती है। इसके पूर्व आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत कर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुष्प प्रदर्शनी के उद्देश्य, महत्व और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से अवगत कराया गया। अतिथियों ने समिति के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की।



### स्पर्धा विजेताओं को किया गया सम्मानित

समापन समारोह में विभिन्न श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनडोर प्लांट्स श्रेणी में अनुरूपिया बनाफर प्रथम, ममता सोनी द्वितीय एवं आरती साहू तृतीय रहीं। क्रोटन पौधों की श्रेणी में इंदु धृपलारे ने प्रथम, पुन्नी ताम्रकार ने द्वितीय तथा रुचि मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। औषधीय पौधों में सनद साहू प्रथम, सुशील कुमार द्वितीय एवं अंजली चंदेल तृतीय रहीं। कैक्टस श्रेणी में फनेंद्र साहू प्रथम, मानसी मानिकपुरी द्वितीय एवं महिमा साहू तृतीय स्थान पर रहीं। स्वस्थ फूलों वाली श्रेणी में अमन अग्रवाल प्रथम, चंद्रभान जोशी द्वितीय एवं हेमंत शिलेदार तृतीय रहे। बोन्साई श्रेणी में योगिता वर्मा प्रथम, अर्चना वर्मा द्वितीय एवं नितीश सोनवानी तृतीय रहे। अनोखा संग्रह श्रेणी में विशेष पुरस्कार सरिता अग्रवाल, प्रवीण परधनिया, प्रतिभा धुरवे एवं पंकज रात्रे को प्रदान किए गए। फल-सब्ज़ी श्रेणी में अमन अग्रवाल, यश वर्मा एवं गणेश साहू को सम्मान मिला। फ्लावर शो में विभिन्न शालाओं एवं महाविद्यालयों की सक्रिय सहभागिता रही।

### विद्यार्थियों ने दी मोहक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, वहीं रायपुर से आई मानव कल्याण संस्था के बच्चों की प्रस्तुति ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका कृषि महाविद्यालय एवं पी.जी. कॉलेज की प्राध्यापिकाओं एवं प्राध्यापकों – कुंती बनजाले, हेमलता निराला, टोपेन वर्मा एवं कोसले मैडम – ने निभाई। दस प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

फलों एवं सब्जियों से बनाई गई हीरेन्द्र सिन्हा की रंगोली तथा कैलाश द्वारा बनाए गए लाइव स्केचेस दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहे। साथ ही विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। कवर्धा से आई प्रिंसी मिश्रा का स्टॉल, ज्ञानोदय शाला, समाधान कॉलेज एवं आत्मानंद शाला के स्टॉल विशेष रूप से सराहे गए। कार्यक्रम का मंच संचालन कमल किशोर शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन रानी रवानी ने किया।

### इनका योगदान रहा अहम

आयोजन को सफल बनाने में भाग्यश्री पोल,रश्मि ताम्रकार ,अखिलेश शर्मा, दीपक मेघवानी, बंटी अरोड़ा, विवेक पोल, किरोड़ी अग्रवाल, नवीन ठाकुर, सुशील शर्मा, अवधेश पटेल, दीपा तिवारी, मंजू मंगलानी, अलका तिवारी, डॉ. नेहा वर्मा, डॉ. चेतना मिश्रा, राजकुमार खंडे, बंटी चाचा, जय संतवानी, अर्जुन माहेश्वरी एवं मनीष पटेल सहित अनेक सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कुल मिलाकर, यह दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी बेमेतरा के लिए प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण और रचनात्मकता का यादगार उत्सव साबित हुई।

## बारगांव विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

हाथों में तख्तियां लेकर दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वीप कार्ययोजना के अंतर्गत मतदाता जागरुकता बढ़ाने एवं युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों में अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करना था। युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के प्रति जागरूक करना था।

रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने हाथों में मतदाता जागरुकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर देशभक्ति एवं लोकतंत्र समर्थक नारे लगाए। रैली बारगांव की प्रमुख गलियों एवं बाजार क्षेत्रों से होकर गुजरी, जहां विद्यार्थियों ने नागरिकों से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। इस दौरान एसआईआर फॉर्म सही तरीके से भरने, ओटीपी किसी को न देने तथा नए मतदाताओं से पंजीकरण कराने का आग्रह किया गया। विद्यार्थियों ने "नागरिकों की है पहचान, सबसे पहले मत का दान", "मेरा वोट, मेरा अधिकार", "जन-जन का नारा है, मतदान अधिकार हमारा है", "18 वर्ष की उम्र कर ली पार, सरकार बनाने में हो तुम भागीदार" तथा "आओ मिलकर अलख जगाएं, शत-प्रतिशत मतदान कराएं" जैसे नारों के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने बताया कि रैली का उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करना है।



### लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर वोट मूल्यवान

विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का वोट अत्यंत मूल्यवान है और युवा पीढ़ी को देशहित में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर दौलत राम साहू, गुमन सिंह यादव, हरीश साहू, महेश बंधे, नंदरानी साहू सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## वीबी जी रामजी कानून पर कांग्रेस का विरोध देश और गांव विरोधी मानसिकता का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण कानून विकसित भारत 2047 के संकल्प को धरातल पर उतारने वाला ऐतिहासिक कानून है, लेकिन कांग्रेस अपनी तुष्टिकरण और नकारात्मक राजनीति के चलते इसका खुलकर विरोध कर रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि यह कानून अब केवल गरीबी उन्मूलन तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों की मूलभूत आवश्यकताओं, आजीविका, रोजगारमूलक कार्यों और विकास योजनाओं को एकीकृत कर ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने वाला कानून है। मनरेगा में जहां पहले 100 दिन के रोजगार की गारंटी दी थी, वहीं अब उसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, ताकि गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों की आय में सीधी बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने कहा कि यह कानून खेती-किसानी के मुख्य सीजन को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित न हों और किसानों को समय पर मजदूर उपलब्ध हों। यह सोच भाजपा की दूरदर्शी नीति को दर्शाती है, जबकि कांग्रेस ने हमेशा ग्रामीण भारत को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया है।



### कांग्रेस को राम शब्द से एलर्जी

श्री सिन्हा ने कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस को 'राम' शब्द से ही एलर्जी है। भाजपा का विरोध करते-करते कांग्रेस अब राम और ग्रामीण विकास दोनों की विरोधी बन चुकी है। यही कारण है कि वह इस जनकल्याणकारी कानून के खिलाफ झूठा नरेटिव गढ़ने और जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वीबी- जी- राम- जी कानून गरीबों की आय सुरक्षा, सम्मानजनक रोजगार और सशक्त गांव की गारंटी है। कांग्रेस चाहे जितना विरोध कर ले, लेकिन यह कानून लागू रहेगा और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## ठाकुर समाज ने महाराणा प्रताप पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**नवागढ़।** महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में ठाकुर समाज ने शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का जीवंत संदेश दिया। नगर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष समाजजनों ने दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया और पुष्प अर्पित कर उनके गौरवशाली इतिहास को स्मरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने महाराणा प्रताप अमर रहें' के जयघोष के साथ वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। ठाकुर समाज 1282 परिक्षेत्र अध्यक्ष मिथलेश मिंटू बिसेन ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है— स्वतंत्रता के प्रति उनका अडिग संकल्प और मातृभूमि के लिए त्याग सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर भागवत सिंह, करणी सेना जिला प्रभारी प्रकाश सिंह, अजय भुवाल, निहाल सिंह, विकास ठाकुर, कृष्णपाल सिंह, पृथ्वीराज सिंह, श्रीकांत सिंह, रघुनायक सिंह, अभिनव सिंह, युद्धवीर सिंह, शिव कुमार, भूपेंद्र सोनकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## केहका स्कूल में हुई आपदा राहत व बचाव गतिविधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

19 जनवरी को संस्था शहीद वीर नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका में फेमेक्स कार्यक्रम के तहत सामुदायिक जागरूकता तैयारियों से संबंधित गतिविधि का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत एन डी आर एफ के दल प्रभारी श्री राजीव लोचन आचार्य सीनियर इंस्पेक्टर व उनके विशेष दल के द्वारा मॉक ड्रिल कर विभिन्न प्रकार के आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, चक्रवात, रेल हादसा एवं सड़क दुर्घटना में घायल व आगजनी की स्थिति में अपनी सुरक्षा व दूसरों की सुरक्षा कैसे करना है राहत और बचाव में क्या क्या साधन अपनाना है जिससे लोगों की जान बचाया जा सके उन्हें खतरों से सुरक्षित निकाला जा सके इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों समुदायों के सदस्यों विद्यालयों के बच्चों एवं छात्र छात्राओं को राहत व बचाव की जानकारी देना है। इस अवसर पर माननीय नायब तहसीलदार, उप कोषालय अधिकारी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी नीलेश चंद्रवंशी एवं सरपंच दानीराम सिन्हा शाला प्रबंध विकास समिति के अधीवन वर्मा, हल्का पटवारी,पंचगण एवं समस्त शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के व्याख्याता लता स्वर्णकार व आभार प्रदर्शन प्राचार्य कमलेश गायकवाड़ ने किया।






## स्व. अवधेश शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि



**साजा।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व अवधेश शर्मा को आज श्रद्धांजलि दी गयी, अधिवक्ता कक्ष में आयोजित शोकसभा में व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश विवेक केरकट्टा एसडीम हर्ष लता वर्मा तहसीलदार मानकर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा, पुरुषोत्तम चौबे, गोकुल चंदेल, उपेंद्र धर दीवान, विनोद शर्मा, जितेंद्र साहू, दिनेश साहू, मनोज पंडित, कविता गोसाई, मनोज राजपूत, अजय देवगन, अमर दास रात्रे सहित सभी वकील स्टॉप ने श्री शर्मा को याद करते हुए श्रद्वांजलि दी। आज तहसील कार्यालय में अधिवक्ताओं ने अपने सबसे वरिष्ठ साथी के अचानक चले जाने से सभी भावुक मन से उन्हें याद किया, आज तहसील कार्यालय में सभी ने अपना काम बंद रखा।

### खेलों से संवरता भविष्य, युवाओं में दिखा जोश और अनुशासन

# खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास व नेतृत्व विकसित करने का सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मेरा युवा भारत के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन बेमेतरा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में किया गया।

- मेरा युवा भारत के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रतियोगिता में जिले भर से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा, कौशल और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे स्टेडियम में खेलों के प्रति उत्साह, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का साधन नहीं हैं, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम भी हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और जिले तथा प्रदेश का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, टीम गेम्स सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दर्शकों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का तालियों और उत्साहवर्धन के साथ हौसला बढ़ाया। आयोजन को सफल बनाने में मेरा युवा भारत की टीम एवं आयोजन समिति का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। आयोजन ने जिले के युवाओं में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार मिला।




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर किसान नेता हर्षवर्धन तिवारी, सभापति गौरव साहू, दुर्ग डिप्टी कलेक्टर नितिन शर्मा, जिला खेल अधिकारी उपेंद्र सेंगर, पीटीआई तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, प्रशिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

